# जीवन के लिए महत्वपूर्ण व्यवसाय से संबंधित अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

1. **मैं यह कैसे तय कर सकता हूं कि मेरे व्यवसाय को जीवन के लिए महत्वपूर्ण व्यवसाय माना जाता है और उसे वैयक्तिक तौर पर, भौतिक रूप से जारी रखने की अनुमति है?**

   व्यवसायों को पहले गवर्नर का आदेश और जीवन के लिए महत्वपूर्ण व्यवसायों की सूची देखनी चाहिए जो कि यहाँ उपलब्ध है। इस सूची को होमलैंड सुरक्षा विभाग साइबर सुरक्षा और अवसंरचना सुरक्षा एजेंसी एडवाइजरी द्वारा जारी आधारभूत बुनियादी अवसंरचना पर मार्गदर्शन का पालन करने के लिहाज से अपडेट किया गया है।

   ऑर्डर की समीक्षा करने और होमलैंड सुरक्षा विभाग साइबर सुरक्षा और अवसंरचना सुरक्षा एजेंसी एडवाइजरी पर विचार करने के बाद, अगर जवाब फिर भी स्पष्ट नहीं होता हो, तो अधिक सहायता के लिए व्यवसाय, सामुदायिक और आर्थिक विकास विभाग (DCED) को निम्नलिखित ईमेल पर संपर्क कर सकते हैं। पूछताछ का जल्द से जल्द उत्तर दिया जाएगा: ra-dcedcs@pa.gov।

2. **छूट किसे चाहिए?**

   सूची और होमलैंड सुरक्षा विभाग साइबर सुरक्षा अवसंरचना सुरक्षा एजेंसी एडवाइजरी के मुताबिक जिस भी व्यवसाय को काम चालू रखने की मंजूरी नहीं है उसे छूट के लिए आवेदन करना चाहिए।

3. **छूट के लिए आवेदन करते समय क्या व्यवसायों को वैयक्तिक रूप से, भौतिक ऑपरेशन जारी रखने की इजाजत है?**

   छूट का अनुरोध करने वाले व्यवसायों को गर्वनर के आदेश का पालन करना चाहिए और वैयक्तिक, भौतिक ऑपरेशन तब तक बंद कर देने चाहिए जब तक कि छूट का आवेदन अनुमोदित नहीं हो जाता या छूट प्राप्त नहीं हो जाती।

4. **छूट के लिए व्यवसाय किस प्रकार आवेदन कर सकते हैं?**

   छूट का आवेदन जमा करने का सबसे आसान और तेज़ तरीका यह है कि आप DCED के छूट फॉर्म को भरें और उसे RA-dcexemption@pa.gov पर भेज दें।

5. **छूट अनुरोध में क्या शामिल किया जाना चाहिए?**

यहां उपलब्ध छूट आवेदन प्रपत्र में छूट अनुरोध के साथ जमा की जाने वाली जानकारी पर अतिरिक्त विवरण दिया गया है।

**6. जमा किए गए छूट आवेदन पर निर्णय लेने में कितना समय लगेगा?**

DCED को भारी मात्रा में छूट आवेदन मिले हैं और वह जल्द से जल्द इन छूट आवेदनों को प्रॉसेस कर रहा है।

**7. अगर व्यापार को जीवन के लिए महत्वपूर्ण न होने के तौर पर वर्गीकृत किया जाता लेकिन उसे दूर से ऑपरेट किया जा सकता है, तो क्या व्यवसाय को बंद कर देना चाहिए?**

नहीं। जीवन के लिए ग़ैर-महत्वपूर्ण व्यवसाय टेलीवर्क द्वारा दूरस्थ रूप से संचालित किया जाना जारी रख सकता है, और ऐसा करते समय उन्हें पेंसिल्वेनिया स्वास्थ्य और CDC विभाग द्वारा प्रदान किए गए सामाजिक दूरी और अन्य कोविड-19 शमन मार्गदर्शनों का पालन करना चाहिए।

**8. यदि कोई उत्पादन उस वर्गीकरण में है जिसमें उसे भौतिक ऑपरेशन नहीं करना चाहिए लेकिन वह ऐसी उत्पादन प्रक्रिया में बदल रहा है जिसे कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए भौतिक ऑपरेशन जारी रखने के लिए अधिकृत किया गया है, तो उन्हें क्या करना चाहिए?**

जिन व्यवसायों को सूची के अनुसार और होमलैंड सुरक्षा विभाग साइबर सुरक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर सुरक्षा एजेंसी की एडवाइज़री के अनुसार स्पष्ट रूप से भौतिक ऑपरेशन जारी रखने की श्रेणी में नहीं रखा गया है, उन्हें छूट के लिए आवेदन करना चाहिए। ऐसी खास परिस्थिति में, कृपया छूट अनुरोध में इस बात का उल्लेख करें कि प्रतिष्ठान अपने ऑपरेशन को जीवन के लिए महत्वपूर्ण सुविधा में बदलने जा रहा है और आगे के चरणों के लिए समुदाय और आर्थिक विकास विभाग आपसे संपर्क करेगा।

**9. जिन व्यवसायों को भौतिक ऑपरेशन स्थगित करने की आवश्यकता है, क्या वे सुरक्षा, महत्वपूर्ण कार्य संसाधन, या संघीय, राज्य या स्थानीय विनियामक आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए आवश्यक कार्मिकों को बनाए रख सकते हैं?**

भौतिक ऑपरेशन स्थगित करने वाले व्यवसायों को महत्वपूर्ण सुविधाओं के रखरखाव के लिए ऑन-साइट कार्मिकों को सीमित करना चाहिए, और हर प्रकार से सामाजिक दूरी और PA स्वास्थ्य एवं CDC विभाग द्वारा प्रदान किए गए कोविड-19 शमन दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।

**10. क्या होटलों को वैयक्तिक, भौतिक ऑपरेशन स्थगित कर देने चाहिए?**

होटल और मोटल में वैयक्तिक, भौतिक ऑपरेशन स्थगित करने की ज़रूरत नहीं है। हालांकि, अन्य सभी व्यवसायों की तरह उन्हें भी सामाजिक दूरी और PA स्वास्थ्य एवं CDC विभाग द्वारा प्रदान किए गए कोविड-19 शमन मार्गदर्शन का पालन करना चाहिए तथा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि CDC के अनुसार, होटल में 10 से अधिक लोगों का जनसमूह एकत्र न हो। होटल अपने यहां लोगों को बैठकर खाना खाने की सेवाएं नहीं दे सकता; सभी भोजन सेवाओं में केवल खाना ले जाने का ही विकल्प होना चाहिए।

11. **स्थानीय राजनैतिक इकाइयां सूची में नहीं थीं। क्या नगर पालिकाओं को बंद कर दिया जाना चाहिए?**

स्थानीय राजनैतिक इकाइयों को वैयक्तिक भौतिक ऑपरेशन बन्द करने की ज़रूरत नहीं है लेकिन उन्हें जितना हो सके उतना वैयक्तिक ऑपरेशन कम कर देने चाहिए और पेंसिलवेनिया स्वास्थ्य एवं CDC विभाग द्वारा प्रदान की गए कोविड-19 शमन दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए। सभी निर्णय, बुनियादी अवसंरचना सेवाओं और सुविधाओं की निरंतर डिलीवरी सुनिश्चित करने और सार्वजनिक सुरक्षा के बीच संतुलन बनाते हुए लिए जाने चाहिए।

12. **गवर्नर के ऑर्डर का समर्थन करने के लिए नगरपालिकाएं और स्थानीय सरकारों को अपने प्रवर्तन अधिकार किस प्रकार प्रयोग करने चाहिए?**

जीवन के लिए महत्वपूर्ण व्यवसायों की सूची में जिन सेक्टरों की पहचान की गई है, उसका अभिप्राय यह नहीं है कि बुनियादी अवसंरचना सेक्टर और सुविधाओं की यह ऐसी प्राधिकारिक या परिपूर्ण सूची है, जिन्हें कोविड-19 से लड़ते समय जारी रखना चाहिए। प्रादेशिक और स्थानीय अधिकारियों को अपने प्राधिकारों का इस्तेमाल करते समय और दिशा-निर्देशों व गाइडलाइंस जारी करते समय सर्वाधिक उपयुक्त निर्णय लेना चाहिए। इसी तरह से, बुनियादी अवसंरचना औद्योगिक भागीदारों को बुनियादी अवसंरचना सेवाओं और सुविधाओं के ऑपरेशन जारी रखने के लिए, सूची और DHS मार्गदर्शन का प्रयोग करके सर्वाधिक उपयुक्त निर्णय लेना चाहिए। बुनियादी अवसंरचना सेवाओं और सुविधाओं की डिलीवरी जारी रखना सुनिश्चित करते हुए, सभी निर्णय आम लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिए जाने चाहिए।

13. **निर्माण को जीवन के लिए ग़ैर-महत्वपूर्ण कार्य के रूप में वर्गीकृत किया गया है। क्या सभी निर्माण कंपनियों को वैयक्तिक तौर पर भौतिक ऑपरेशन स्थगित कर देने चाहिए? क्या कोई निर्माण कंपनी सड़क मरम्मत, सड़क निर्माण को पूरा करने, बाढ़ राहत इत्यादि से जुड़ी परियोजनाएं जारी रख सकती है?**

जिन निर्माण गतिविधियों को स्पष्ट तौर पर DHS मार्गदर्शन के तहत प्राधिकृत नहीं किया गया है, वहां सामान्य ऑपरेशन रोक देने चाहिए लेकिन संघीय, राजकीय या स्थानीय विनियामक नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए खास सीमित ऑपरेशन किए जा सकते हैं।

14. **यदि व्यवसाय को छूट प्रदान की गई हो तो ऐसे व्यवसाय को प्रवर्तन एजेंसी के सामने कैसे प्रदर्शित किया जा सकता है?**

जिन व्यवसायों को छूट दी गई है, उन्हें लिखित पुष्टिकरण मिलेगा, जिसे वे प्रवर्तन एजेंसी से साझा कर सकते हैं ताकि ऑपरेशन जारी रखने के लिए प्राधिकार की पुष्टि की जा सके।

**15. इस आदेश को कैसे लागू किया जाएगा? क्या जुर्माने या प्रवर्तन संबंधी अन्य कार्यवाही से पहले कोई चेतावनी दी जाएगी?**

जीवन के लिए ग़ैर-महत्वपूर्ण व्यवसायों को बंद करना ऐसा कदम है जिसे संक्रामक रोग कोविड-19 को फैलने से रोकने के लिए उठाया गया है। इसका आदेश गवर्नर और स्वास्थ्य सचिव द्वारा दिया गया है। रोग नियंत्रण और निवारण कानून 1955 और प्रशासन संहिता 1929 के तहत आपराधिक आर्थिक दंड के माध्यम से यह बंद लागू करने योग्य है।

हालांकि, आपराधिक संहिता और मदिरा संहिता के तहत उन कानूनों में अन्य आपराधिक आर्थिक दंड साथ-साथ लागू हो सकते हैं, फिर भी आदेश को लागू करने के लिए सीधे तौर पर निम्नलिखित सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रावधान लागू होंगे: 71 P. S. § 1409 और 35 P.S. § 521.20(a)।

हम पूरे कॉमनवेल्थ में समान रूप से इन आदेशों का प्रवर्तन सुनिश्चित करने का भरसक प्रयत्न करेंगे। हम यह भी अपेक्षा करते हैं कि आदेश के उल्लंघन के लिए कोई भी अनुशासन क्रमिक होगा, जिसमें नियम तोड़ने वाले किसी संदिग्ध को पहले चेतावनी दी जाएगी। इसके अलावा, प्रवर्तन की प्राथमिकता उन व्यवसायों पर केंद्रित होनी चाहिए जहां लोग जमा होते हैं।